# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## काशीपुर, ऊ.सि. नगर , उत्तराखंड

# राष्ट्रीय सेवा योजना

# कार्यक्रम / गतिविधियां

# 2021-22

## (01 मार्च - 30 जून 2022)

डॉ स्नेह लता - वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी

डॉ प्रमोद जोशी - कार्यक्रम अधिकारी

डॉ हेमलता खाती - कार्यक्रम अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner

राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,काशीपुर, उधमसिंहनगर, उत्तराखंड

# राष्ट्रीय सेवा योजना: गतिविधियां / कार्यक्रम

## सत्र- 2021-22

| क्रम संख्या | दिनांक | कार्यक्रम | छात्रसंख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.03.2022 | एक दिवसीय नियमित शिविर | 208 |
| 2 | 23.04.2022 | राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम | 190 |
| 3 | 14.05.2022 | अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम – काउंट डाउन योगा प्रोग्राम | 215 |
| 4 | 19.05.2022 | विश्व गौरैया संरक्षण दिवस के अवसर पर घोसला निर्माण प्रतियोगिता | 288 |
| 5 | 21.05.2022 | अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस | 255 |
| 6 | 31.05.2022 | विश्व तम्बाकू दिवस निषेध | 235 |
| 7 | 05.06.2022 | विश्व पर्यावरण दिवस | 187 |
| 8 | 20.06.2022 | अंतराष्ट्रीय योग दिवस – काउंट डाउन योगा प्रोग्राम | 205 |
| 9 | 21.06.2022 | अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम | 232 |

प्राचार्य

वरिष्ठकार्यक्रमअधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## एक दिवसीय शिविर

## 31 मार्च, 2022























Scanned with OKEN Scanner

लका
गुंबर
पांडे
नाई।
अंक
संघ
ताया
क व
र को
क्रेटरी

र्री



...उपस्थित व प्रधानाचार्य सतीश बत्रा ने पुरस्कार देकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



काशीपुर के राधे हरि महाविद्यालय में रैली निकालते स्वयंसेवी।

## रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

काशीपुर। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। गुरुवार को महाविद्यालय में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बौद्धिक सत्र में हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. एससी कुशवाहा, एनएसएस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेहलता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, डॉ. रीता सचान, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. अपराजिता, डॉ. प्रणवीर प्रताप, डॉ. लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे।



# रा. ह.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यक्रम

## 23.4.2022














Scanned with OKEN Scanner

अमृत विचार, 24.4.22



काशीपुर में शनिवार को कॉलेज में छात्रों को दवा पिलाते चिकित्सक।

# छात्रों को दी कृमि से बचाव की जानकारी

**अमृत विचार, काशीपुर**

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के तहत राधेहरि डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रराम ने किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायण नगर के स्वास्थ्य कर्मी बृजेश कुमार सक्सेना और रियासत अली ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आंतों में कृमि के संक्रमण, बचाव तथा निवारण के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान 19 वर्ष तक के आयु वर्ग वाले विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजोल निशुल्क वितरित की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी व रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. किशोर चंद्र जोशी, डॉ. स्नेहलता, डॉ. हेमलता खाती, डॉ. आदित्य कुमार मौर्य, डॉ. अपराजिता, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. ममता बेलवाल, डॉ. आशा राणा, डॉ. नीरज शुक्ला आदि मौजूद थे।

Scanned with OKEN Scanner

रोगियों को निशुल्क दवा प्रदान की। चेयरमैन डॉ. सानू विश्वास वाइस चेयरमैन डॉ. बलवंत सिंह व सुधाकर दुबे डॉ. कुलदीप रघुवंशी, जीवन नयाल रहे।

## कृमि संक्रमण और बचाव की जानकारी दी

काशीपुर। शनिवार को राधे हरि डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. चंद्रराम ने किया।स्वास्थ्य कर्मी बृजेश कुमार सक्सेना और रियासत अली ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आंतों में कृमि के संक्रमण, बचाव तथा निवारण के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद रहे।

## मिटटी उडने का विरोध करने पर गाली-गलौज

से ,

ड़िया विवि को

ॉलेज

अमर उजाला 24.4.22

## कृमि के संक्रमण और निवारण की जानकारी दी

काशीपुर। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस प्रकोष्ठ ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायण नगर के स्वास्थ्य कर्मी ब्रजेश कुमार सक्सेना व रियासत अली ने छात्र-छात्राओं को आंतों में कृमि के संक्रमण, बचाव व निवारण के संबंध में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. किशोर चंद्र जोशी ने कृमि के जीवन चक्र तथा उससे बचाव के बारे में बताया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. चंद्र राम, डॉ. स्नेह लता, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, डॉ. आदित्य कुमार मौर्य, डॉ. अपराजिता, डॉ. अमादुद्दीन अहमद आदि रहे। संवाद

Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022

## Count Down YOGA Programme

## 14 May , 2022















# जीवन में नियमित योग का महत्व बताया

अमृत विचार, काशीपुर

राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 के काउंटडाउन योगा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रराम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में नियमित योग के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक महत्व के बारे में बताया।

विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.आशा राणा विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र ने योग के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया एवं योगासन कराया। इसके बाद योग प्रशिक्षक राम द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास कराया गया एवं नियमित योग के लिये प्रेरित किया गया।



काशीपुर में शनिवार को राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग करतीं छात्राएं। • अमृत विचार

डॉ. स्नेह लता वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने स्वयंसेवियों को निर्देशित किया कि वह अपने आवास के आसपास 5-5 घरों को योग संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करें एवं 20 और 21 जून को योग कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें। योग प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, एनसीसी प्रभारी डॉ. प्राणवीर प्रताप, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. रीता सचान रहे।

Scanned with OKEN Scanner

## न्यूज डायरी

### छात्राओं को दिए कॅरिअर चुनने के टिप्स



खटीमा। राइंका श्रीपुर विचवा में गर्ल्स कॅरिअर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. संजय त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन निर्मला गहतोड़ी ने किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशाओं एवं समग्र शिक्षा प्रभारी प्रमोद सक्सेना ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ कॅरिअर बनाने के टिप्स देते हुए मार्गदर्शन किया। वहां सलमा, गीता आदि थे। संवाद

### राधेहरि महाविद्यालय में योग के महत्व को समझाया



काशीपुर। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस इकाई ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन योग प्रोग्राम का आयोजन किया। शनिवार को शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चंद्रराम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में नियमित योग के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक महत्व के बारे में बताया। राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष व विषय विशेषज्ञ डॉ. आशा राणा ने योग के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया। योग प्रशिक्षक श्रीराम की ओर से कामन योग प्रोटोकाल अभ्यास कराया गया। वहां एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह लता, योग प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, एनसीसी प्रभारी डॉ. प्राणवीर प्रताप, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. रीता सचान आदि थे। संवाद

Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## गौरैया संरक्षण एक प्रयास--
## घोंसला निर्माण प्रतियोगिता

## स्वयं सेवियों द्वारा निर्मित घोंसले-22.5.2022



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## गौरैया संरक्षण एक प्रयास--
## घोंसला निर्माण प्रतियोगिता

## अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस -22.5.2022























Scanned with OKEN Scanner



गौरैया संरक्षण के लिए पेड़ पर घौंसला लगाते एनएसएस प्रभारी व अन्य। संवाद

## गौरैया संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं ने बनाए घोंसले

काशीपुर। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गौरैया संरक्षण के लिए घोंसला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. स्नेह लता व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती के निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में 87 स्वयंसेवियों ने तीन-तीन सदस्यों की 29 टीम बनाकर प्रतिभाग किया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने छात्र-छात्राओं को गौरैया तथा जैव विविधता के खतरे और संरक्षण के बारे में जागरूक किया। घोंसलों का मूल्यांकन डॉ. मृत्युजंय सिन्हा, डॉ. रीता सचान, डॉ. केएनएस यादव व डॉ. महिपाल सिंह ने किया। पांच सर्वश्रेष्ठ घोंसलों को पुरस्कृत किया। कहकशा की टीम को पहला, सुखप्रीत कौर की टीम को दूसरा और सानिया की टीम को तीसरा स्थान मिला। गरिमा शर्मा व रूपेंद्र कौर की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। एनएसएस प्रभारी डॉ. स्नेह लता ने बताया कि गौरैया संरक्षण के लिए सभी घोंसलों को महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर रखा गया है। वहां डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. केसी जोशी, डॉ. ए अहमद, डॉ. ममता बेलवाल, डॉ. एके मौर्य आदि मौजूद रहे। संवाद

Scanned with OKEN Scanner

कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गौरैया संरक्षण के लिए घोंसला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

# कहकशा की टीम ने बनाया सबसे सुंदर घोंसला

अमृत विचार, काशीपुर

राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गौरैया संरक्षण के लिए घोंसला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शनिवार को महाविद्यालय में एनएसएस प्रभारी डॉ. स्नेह लता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती के निर्देशन में घोंसला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 87 स्वयंसेवियों ने तीन-तीन सदस्यों की 29 टीम बनाकर प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन कर कहकशा की टीम प्रथम, सुखप्रीत कौर सागर की टीम द्वितीय एवं सानिया की टीम




काशीपुर महाविद्यालय में विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य। ● अमृत विचार

तृतीय स्थान पर रही। गरिमा शर्मा एवं रूपेंद्र कौर की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। घोंसलों का मूल्यांकन डॉ. मृत्युंजय सिन्हा, डॉ. रीता सचान, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. केएनएस यादव ने किया। प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने छात्र-छात्राओं को गौरैया और जैव विविधता के खतरे एवं संरक्षण के बारे में जानकारी देकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. स्नेहलता ने बताया कि गौरैया संरक्षण के लिए घोसलों को महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर रखा गया। वहां पर डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. केसी जोशी, डॉ. ए अहमद, डॉ. ममता बेलवाल, डॉ. एके मौर्य आदि उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस, 31 मई 2022























Scanned with OKEN Scanner

# 'तंबाकू की लत होती है खतरनाक, इससे हमेशा दूर रहें'

## तंबाकू निषेध दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम, बच्चों ने ली तंबाकू का सेवन न करने की शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी



काशीपुर के लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में शपथ लेते बच्चे। संवाद

काशीपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में गोष्ठी का आयोजन कर बच्चों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान तंबाकू में पाए जाने वाले निकोटिन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

मंगलवार को उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित गोष्ठी में जीव विज्ञान प्रवक्ता श्रवण कुमार मिश्रा ने निकोटिन से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए कहा धूम्रपान की लत जीवन के अंत की ओर अग्रसर करती है। वहीं छात्र जुबेर ने कहा माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। प्रधानाचार्य बीके गुप्ता ने अपने आसपास लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। वहीं चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मेजर मुनीश कांत शर्मा, अशोक कुमार अग्निहोत्री, रमेश कुमार पांडेय, मनोज शर्मा, मनोज विश्नोई, महेश चंद्र आर्य, कौशलेश गुप्ता, बलजीत सिंह मौजूद रहे।

चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कीर्ति पंत की मौजूदगी में नशा उन्मूलन नोडल अधिकारी डॉ. वंदना सिंह ने प्रवक्ता वर्ग, छात्राओं व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, प्रो. डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. ज्योति रावत, प्राची धौलाखंडी मौजूद रहीं। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्राचार्य डॉ. चंद्रराम ने शपथ दिलाई। छात्रों ने पोस्टर, बैनर व स्लोगन के माध्यम से जन जागरूकता रैली निकाली। यहां पर एनएसएस अधिकारी डॉ. स्नेह लता, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, डॉ. प्राणवीर प्रताप, डॉ. लक्ष्मी, डॉ. राघव झा, डॉ. सविता पांडे आदि मौजूद रहीं। लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक शीर्षक हम सब का यही है सपना, तंबाकू और तंबाकू उत्पादों से मुक्त हो देश अपना का मंचन किया। प्रधानाचार्य शिखा गौतम ने छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।



बाजपुर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शपथ लेते कर्मचारी।

### बाजपुर में जन जागरूकता रैली निकाली

बाजपुर। तहसीलदार ने कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर तंबाकू का सेवन न करने और लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। वहीं तहसीलदार युसूफ अली ने कहा तंबाकू का सेवन कर लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से तंबाकू का सेवन नहीं करने की अपील की। इसी के चलते बाजपुर के ग्राम बरहैनी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के स्कूली छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। संवाद

### जसपुर में भी हुए कार्यक्रम



जसपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एसडीएम ने तहसील कर्मियों को तंबाकू का सेवन न करने, तंबाकू के सेवन को रोकने का प्रयास करने की शपथ दिलाई। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम स़ीमा विश्वकर्मा ने तंबाकू के सेवन से मानव शरीर को होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात उन्होंने सभी तहसील कर्मियों कानूनगो, लेखपालों, सुरक्षाकर्मियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने, समाज के लोगों को इसके सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार, रजिस्ट्रार कानूनगो हेमराज सिंह चौहान, राजस्व निरीक्षक निर्भय जैन, मो. राशिद, रितेश कुमार, प्रकाश महर, कुलदीप सिंह, धीरेंद्र नेगी, धीरेंद्र तनवार आदि मौजूद रहे। संवाद

### शिक्षकों और छात्रों ने ली शपथ



सुल्तानपुर पट्टी। एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य दिवेश कुमार श्रीवास्तव ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अभिभावक संघ अध्यक्ष महेश चंद्र कांडपाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुम्मा भारती, शिक्षक वीरेंद्र सिंह, भानू प्रताप सिंह व समस्त शिक्षक थे। संवाद

Scanned with OKEN Scanner

# धूम्रपान की लत जीवन के अंत की ओर करती है अग्रसर

अमृत विचार, काशीपुर

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कई शिक्षण संस्थानों में गोष्ठी आयोजित कर तंबाकू निषेध के लिये शपथ दिलाई गई।

उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में जीव विज्ञान प्रवक्ता श्रवण कुमार मिश्रा ने तंबाकू में पाये जाने वाले निकोटिन के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशे की लत मनुष्य के व्यवसाय, आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने के साथ साथ उनके जीवन को समूल नष्ट कर देती है। वहीं प्रवक्ता मनोज शर्मा ने युवाओं को धूम्रपान से बचने की बात कही। उधर शिक्षक मनोज विश्नोई ने तंबाकू निषेध दिवस पर छात्रों को शपथ दिलाई। वहीं ओज कवि अनिल सारस्वत ने नशा करने वालों के परिवार उजड़ते देखे हैं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षकों ने चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता समेत संगोष्ठी में भाग लेने वाले छात्रों को बैग, डायरी पैन प्रदान कर पुरस्कृत किया। उधर राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के छात्र-छात्राओं को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. चन्द्र राम द्वारा तंबाकू निषेध के लिये शपथ दिलाई गई। इसके बाद एनएसएस अधिकारी डॉ. स्नेह लता, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, एनसीसी अधिकारी डॉ. प्राणवीर प्रताप, डॉ. लक्ष्मी, रोवर- रेंजर लीडर डॉ. राघव झा एवं डॉ. सविता पांडे के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, बैनर, स्लोगन के माध्यम से जन जागरूकता के लिये रैली निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. रीता सचान, डॉ. आदित्य कुमार मौर्य, डॉ. जानकी सुयाल, डॉ. ममता बेलवाल, डॉ. महेंद्र जोशी, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. महेश आदि मौजूद थे। उधर चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कीर्ति पंत ने छात्राओं एवं कर्मचारियों को तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलायी। वहां पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. ज्योति रावत आदि मौजूद थे।



राजरानी इंटर कॉलेज गदरपुर में प्रतिज्ञा लेते हुए अध्यापक, छात्र एवं छात्राएं। • अमृत विचार

## जीवन भर तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली

**गदरपुर।** राजरानी इंटर कॉलेज, अनाज मंडी में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस की छात्राओं ने जीवन भर तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। विद्यालय प्रधानाचार्य सरोज अरोरा ने छात्राओं को तंबाकू के सेवन से होने वाली हानि के बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संदीप चौहान ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर रवि चौहान, विनोद राजपूत, अभिषेक कुमार, सरिता बसंती, अशोक, अनिमेष उमा आदि मौजूद थे। सरस्वती शिशु मंदिर बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान का उद्घाटन मुख्य अतिथि दीपक सुधा संघ जिला कार्यवाहक, थाना पुलिस उप निरीक्षक गौरव जोशी, स्कूल प्रबंधक चौधरी विनोद सिंह फौगाट, अध्यक्ष वरयाम चंद कांबोज, कोषाध्यक्ष विनोद चुघ, डॉ. सोनू विशवास, प्रधानाचार्य धीरज कुमार पंत ने किया। छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, भाषण, रंगारंग कार्यक्रम और नगर में जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र ने किया। कार्यक्रम में वचन, राजेश, रंजीत, प्रेम, प्रतिमा, प्रीति, मधु, मीना, ममता, रीना सहित विद्यालय परिवार के लोग मौजूद थे।

Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## विश्व पर्यावरण दिवस, 05 जून 2022
























Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर

## विश्व पर्यावरण दिवस, 05 जून 2022

## पोस्टर प्रतियोगिता

































Scanned with OKEN Scanner

बहादुर सिंह सम्मल, गणेश चंद्र जोशी, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

शुभकामनाएं दीं।

# पर्यावरण को संरक्षित रखने की प्रतिज्ञा ली

## गोष्ठी

काशीपुर, संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस पर वसुधैव समिति ने आईटीआई थाना परिसर और हेमपुर इस्माइल रेलवे स्टेशन पर पौधरोपण किया। यहां नीम, बरगद, जामुन आदि के छायादार पौधे लगाए गए। पौधरोपण करते हुए पर्यावरण को संरक्षित रखने की प्रतिज्ञा ली। रविवार को समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया समिति अभी तक 200 से अधिक पौध लगा चुकी है। इनमें से 150 से अधिक पौधे जीवित हैं।

इधर, राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बांसखेड़ा के स्मार्ट इको क्लब ने इको गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया। इसमें चंपा, गुड़हल, शरीफा, अश्वगंधा, पीपल और फूलों के पौधे लगाए गए। प्रयास मानव विकास सोसायटी ने रतन सिनेमा रोड छबील लगाकर गर्मी में लोगों की सेवा की। सोसायटी ने समाजसेवी डॉ. एमए राहुल को एक पेड़ देकर सम्मानित किया। यहां वंदना चौधरी, आकाश राजपूत, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## बीईओ और स्वयंसेवियों ने लगाए पौधे

काशीपुर। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में एनएसएस शाखा इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी की। संगोष्ठी से पहले मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आरएस नेगी और प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पीपल, बेल, अभिजात, कनेर, इधर, जन जीवन उत्थान समिति ने विश्व पर्यावरण दिवस पर मोहल्ला सिंघान जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य है हम चारों ओर के आवरण को संरक्षित करें पर्यावरण एवं प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है। गोष्ठी में विवेक मिश्रा, भास्कर त्यागी, अमृतपाल, सैयद आसिफ अली, देवांग मिश्रा, जहांगीर आलम, रईस अहमद, सीमा शर्मा, संजीव आदि मौजूद रहे।

## राधे हरि में पोस्टर प्रतियोगिता हुई

काशीपुर। राधे हरि राजकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.एके मौर्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरण प्रभारी डॉ.रीता सचान ने पौधे भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण की अनेक ज्वलंत समस्याओं को दिखाकर जनमानस को प्राकृतिक संपदा को बचाने का संदेश दिया। इसके निर्णायक डॉ.किशोर जोशी, डॉ.ममतेश एवं डॉ.हेमलता खाती रहे। यहां एनएसएस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.स्नेह लता, एनसीसी प्रभारी डॉ. प्रणवीर, डॉ. महेंद्र जोशी, डॉ. रीता देवी, डॉ. सुदर्शन आदि मौजूद रहे।



काशीपुर के राधेहरि डिग्री कॉलेज में रविवार को पर्यावरण दिवस पर पोस्टरों के साथ छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

## खटीमा में गमला सज्जा प्रतियोगिता

खटीमा। महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गमला सज्जा प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें गांधी सदन प्रथम रहा। डिग्री कॉलेज के बीएड विभाग में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ प्राचार्य आरसी पुरोहित ने किया। गमला सज्जा प्रतियोगिता में गांधी सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय एवं अरविंदो सदन तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ. गीता, डॉ. डीपी यादव, डॉ. अंजना भट्ट ने निभाई। डॉ. रेखा देव, मनीषा कुंवर, संजय, मुकेश, सुमित, बीना, रोहित, रश्मि रहीं।

**र वैज्ञानिकों ने आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' के साझा की अपनी चिंताएं, हिमालय को बचाने के लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव**

आयोजन

राधे हरि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से दर्शायी पर्यावरण प्रदूषण की ज्वलंत समस्याएं

# जनमानस को प्राकृतिक संपदा बचाने का दिया संदेश

अमृत विचार, काशीपुर

राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में पर्यावरण प्रभारी डॉ. रीता सचान ने पौधे भेंट कर अतिथियों का स्वागत कर स्लाइड शो के माध्यम से प्राकृतिक धरोहर को संजोकर कर रखने का संदेश दिया।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण की ज्वलंत समस्याओं को दिखाकर जनमानस को प्राकृतिक संपदा को बचाने का संदेश दिया। जिसमें खातून बुसरा प्रथम, नेहा राणा द्वितीय, कमरूनिशा तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ. केसी जोशी, डॉ. ममतेश, डॉ. हेमलता खाती रहे। वहां पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. एके मौर्य, सर्वेश बंसल, डॉ. स्नेह लता, डॉ. प्रणवीर प्रताप सिंह, डॉ. रीता देवी आदि उपस्थित रहे। उधर, जसपुर रोड स्थित ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में संस्थान निदेशक प्रो. (डॉ.) दीपक तेवतिया ने स्टाफ के साथ परिसर में आम, आंवला, गुलमोहर, कटहल, सहजन, कचनार आदि 50 छायादार एवं फलदार पौधे रोपे। वहां पर संस्थान के चेयरमैन प्रो. अनिल कुमार सक्सेना, निदेशक प्रो. (डॉ.) दीपक तेवतिया, फार्मेसी अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कपिल कुमार आदि थे। उधर, उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में एनएसएस की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी में विज्ञान शिक्षक कौशलेश गुप्ता ने कहा कि अविवेकपूर्ण ढंग से हो रहे प्राकृतिक सम्पदाओं के दोहन से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। साथ ही जैव विविधता का अस्तित्व भी खतरे में पड़ता दिखाई दे रहा है। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आरएस नेगी व प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पीपल, बेल, अभिजात, कनेर, नींबू समेत औषधीय, फलदार व छायादार पौधे रोपे। वहां पर प्रवक्ता मनोज शर्मा, मनोज विश्नोई, राजेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, दीपक शर्मा, शुभेन्दु शर्मा आदि थे। उधर राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बांसखेड़ा के स्मार्ट इको क्लब द्वारा इको गार्डन में चंपा, गुलहड़, शरीफा, अश्वगंधा, पीपल तथा फूलों के पौधे रोपे। क्लब प्रभारी राकेश खत्री ने छात्र-छात्राओं को पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। वहां पर प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार साहू, राकेश खत्री, सतपाल सिंह, मदन सिंह आदि थे। उधर, मोहल्ला सिंघान में जन जीवन उत्थान समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय चिंतन में पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा उतनी ही प्राचीन है, जितना मानव का इतिहास भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण का अति पुरातन काल रूप देखा गया है। पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक पृथ्वी, जल, तेज ,वायु और आकाश से है। मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप से पृथ्वी, जल, वायु, नदी, पशु ,पक्षी के सहचर के रूप में देखा गया है। वहां पर अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्रा, विवेक मिश्रा, भास्कर त्यागी, अमृतपाल, सैयद आसिफ अली, सीमा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



काशीपुर राधे हरि कॉलेज में विजेताओं के साथ अतिथि। ● अमृत विचार



उदयराज स्कूल में पौधे रोपते खंड शिक्षाधिकारी, अध्यापक व छात्र।

# छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

काशीपुर, संवाददाता। काशीपुर में शुक्रवार को हरेला पर्व पर आईसीआईसीआई फाउंडेशन रामनगर ने स्कूलों में पौधरोपण के लिये शिक्षा विभाग को 500 फलदार पौधे उपलब्ध कराये। स्कूलों में इन पौधे लगवाए गए। यहां बीईओ आरएसनेगी, फाउंडेशन के डेवेलपमेंट ऑफिसर धीरज भट्ट आदि मौजूद रहे। वहीं उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में शिक्षकों और छात्रों ने पांच दर्जन से अधिक पौधे लगाए। वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार अग्निहोत्री, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्य, कौशलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बांसखेड़ा में हरेला पर्व की पूर्व संध्या पर स्मार्ट इको क्लब के तत्वावधान में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। अमरूद ,आम ,गुलहड़ गुलमोहर, आड़ू, गुलाब ,अश्वगंधा, पत्थरचट्टा सहित लगभग 30 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार साहू, इको क्लब प्रभारी राकेश खत्री, क्लब सदस्य उमा सूतम पांडे, सतपाल सिंह, मदन चौहान आदि मौजूद रहे। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्वयंसेवियों ने वर्षा ऋतु में मेरा पेड़ मेरा दोस्त के रूप में वन महोत्सव हरेला के उपलक्ष्य पर परिसर में बेल, कनेर, नीम, चीड़, जामुन, अमरूद आदि पौधे रोपे। यहां प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमलता खाती, डॉ. रीता सचान रहे। एससी गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज प्रांगण में आम, अमरूद, नीम एवं गुलमोहर आदि के पौधे लगाए। निदेशक डॉ. केवल कुमार ने पौधरोपण को जागरूक किया।

## विद्यार्थियों को पौधों के लाभ के बारे में बताया

बाजपुर। हरेला पर्व पर राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को नीम, तुलसी, जामुन, आंवला, अमरूद के पौधे लगाए। स्कूलों में कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र बसेड़ा ने पर्व के बारे में बताया। वहीं ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल में स्कूली छात्र छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा पहन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डीएवी पब्लिक स्कूल में भी पौधरोपण किया। यहां ज्ञानदीप ग्लोबल के सुरेंद्र कहलो, डीएवी की प्रधानचार्या एकता कुमारी रहीं।

## छात्रों ने जागरूकता को निकाली रैली

सितारगंज। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने पर्यावरण जागरूकता के लिए रैली निकाली। उन्होंने पौधरोपण और पौधे के संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया। पौधरोपण किया। विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। यहां प्रधानाचार्य वीरेंद्र बिष्ट, विनोद, अमन, कीर्ति, चंद्रभान, मनोज, रेखा, मोनिका, कन्या, सोनी, प्रीति, दिव्या, सरिता, बबीता सोप्रीत बॉबी भाटिया आदि रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022

# Count Down YOGA Programme

## One Day Camp- 20 June, 2022




















Scanned with OKEN Scanner

# योग प्रशिक्षण देते हुए स्वयंसेवी


Vishal Mourya


Mansi Pal


Aarti Rani


रचना


साक्षी जोशी


जयति चंद्रा


मनीषा मनराल


Anisha verma
NSS
RHGPG college


Khushi


Anita


Aditi verma
NSS
RHGPG Colleg


Rachna






Hema

Scanned with OKEN Scanner

## सार-संक्षेप

# एनएसएस स्वयंसेवी गांवों में दे रही योग का प्रशिक्षण



काशीपुर में योग का प्रशिक्षण देती एनएसएस स्वयंसेवी। • अमृत विचार

**काशीपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के निर्देश पर 21 जून को विश्व योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। इसके लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह लता ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की आरती रानी, विशाल मौर्य, मोहिनी, मनीषा मनराल, मानसी पाल, खुशी, नैन्सी, रिया बरमोला, महक, मन्सा नाज, साक्षी जोशी, कहकशां, सपना पांडे, रचना, अंजलि, अनिता समेत अन्य स्वयंसेवी अपने-अपने क्षेत्रों में आसपास के पांच-पांच सदस्यों को योग का प्रशिक्षण देकर प्रेरित कर रही हैं।

# किसानों ने छबील लगाकर पिलाया मीठा पानी

अमर उजाला ऊधमसिंह नगर
amarujala.com 8
नैनीताल | मंगलवार, 21 जून 2022

सहायक निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन और कमेंट्री रवि सरकार ने सुनीला मिस्त्री, हल्द्वानी के वन क्षेत्राधिकारी तपन सरकार आदि थे।

# निबंध में गरिमा प्रथम




काशीपुर के महाविद्यालय में योग करते एनएसएस स्वयंसेवी। संवाद

काशीपुर। राधेहरि राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेवियों ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का काउंट डाउन योग कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान आधुनिक जीवन शैली में योग का महत्व विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में गरिमा शर्मा ने प्रथम, कोमल वैद्य द्वितीय और विशाल मौर्य तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका डॉ. रमेश चंद्र कश्यप, डॉ. राजेंद्र प्रसाद व राम जी रहे।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र सिंह कुशवाहा व योग प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार ने छात्रों को आधुनिक जीवन में शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को बताया। योग विभाग के योग प्रशिक्षक राम जी ने योगाभ्यास कराया।

एनएसएस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेहा लता ने योग दिवस की थीम योगा फॉर ह्यूमैनिटी अर्थात मानवता के लिए योग विषय पर प्रकाश डाला।

वहां एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमलता खाती, एनसीसी प्रभारी डॉ. प्राणवीर प्रताप, एनएसएस स्वयंसेवी, एनसीसी कैडेट्स, योग विभाग व महाविद्यालय के छात्र-छात्रा मौजूद रहे। संवाद



हिन्दुस्तान
हल्द्वानी, मंगलवार, 21 जून 2022 06

की गई, उनकी एक वीडियो बनाकर सभी प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्
से दिखाई गई।


## भाषण प्रतियोगिता में गरिमा ने मारी बाजी

काशीपुर। राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योज इकाई द्वारा काउंट डाउन योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्र योग दिवस पर आधुनिक जीवन शैली में योग का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में गरिमा शर्मा ने प्रथम, कोमल वैध ने द्वित और विशाल मौर्य ने बाजी मारी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र सिंह रहे।

## सितारगंज में योग शिविरों का आयोजन होगा

Scanned with OKEN Scanner

अमृत विचार | हल्द्वानी, मंगलवार, 21 जून 2022 | ऊधमसिंह नगर



काशीपुर में सोमवार को योग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार



बाजपुर स्थित अनाज मंडी में आयोजित योग शिविर के दूसरे दिन सोमवार को योग क्रियाएं करते साधक-साधिकाएं। ● अमृत विचार

# आह्वान: आज मानवता के लिये करें योगाभ्यास

## इस बार 'मानवता के लिए योग' थीम के साथ मनाया जाएगा योग दिवस, केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से यूनिटी लॉ कॉलेज में होगा कार्यक्र

### तैयारी

अमृत विचार, रुद्रपुर

योग दिवस मंगलवार को शहर में विभिन्न योग क्रियायें करवाई जायेगी। कोरोना काल के चलते दो साल बाद सार्वजनिक आयोजन होंगे। इस बार देश में योग दिवस को ग्रामीण अंचलों में प्रमुखता से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी के चलते भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से यूनिटी लॉ कॉलेज के मैदान में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के




रुद्रपुर में केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक।

### जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में होगा सरकारी आयोजन

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में रामलीला मैदान काशीपुर, राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर, अग्रसेन भवन सितारगंज, इंटर कॉलेज नानकमत्ता तथा जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा। बताया कि योग शिविर का आयोजन सुबह साढ़े छह बजे से किया जायेगा। इसमें आयुष मंत्रालय के प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा।

### आधुनिक जीवन शैली में योग के महत्व की दी जानकारी

काशीपुर। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022 के काउंटडाउन योगा प्रोग्राम के तहत ₹आधुनिक जीवन शैली में योग का महत्वर विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. रमेश चंद्र कश्यप, डॉ. राजेंद्र प्रसाद निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। प्रतियोगिता में गरिमा शर्मा प्रथम, कोमल वैध द्वितीय तथा विशाल मौर्य तृतीय स्थान पर रहें। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा तथा योग प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार ने छात्र- छात्राओं को आधुनिक जीवन में शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य रहने के लिये योग के महत्व को बताया और नियमित रूप से योग करने को प्रेरित किया। योग विभाग के योग प्रशिक्षक राम जी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं में उत्साह पूर्वक योग किया। एनएसएस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह लता ने इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम मानवता के लिए योग पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन की जीवन शैली में सूक्ष्म योग व्यायाम शामिल करने का संदेश दिया। यहां पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेमलता खाती, एनसीसी प्रभारी डॉ. प्राणवीर प्रताप मौजूद रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं योग समिति की जिलाध्यक्ष उषा पोखरियाल

### सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम की क्रियायें सिखा

बाजपुर। भारत विकास परिषद व महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन काशीपुर से पहुंची महिला पतंजलि योग समिति की टीम ने संगीतमय योग सिखाया। कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में आयोजित शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन महिला पतंजलि योग समिति की जिलाध्यक्ष उषा पोखरियाल, समाजसेवक कुलदीप चौधरी, चंचल चौधरी आदि ने किया। इसके बाद कमला रेखाड़ी, उषां शर्मा, पुष्पा रौतेला, आशा मौर्य, रेणु पांडेय, आदित्य रेखाड़ी, सती रावत, किरन

Scanned with OKEN Scanner

# रा. ह. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2022

## Count Down YOGA Programme

## 21 June , 2022














Scanned with OKEN Scanner


...विधायक, डीएम व एसएसपी आदि अधिकारियों ने किया योग

# रामलीला मैदान में जुटे एक हजार लोग

अमृत विचार, काशीपुर

रामलीला मैदान में विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों समेत लोगों ने योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर उषा चौधरी, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, नगर आयुक्त विवेक राय, एसपी चंद्र मोहन, एसपीएनजी निदेशक योगेश जिंदल, एसपी चंद्रमोहन सिंह आदि मौजूद रहे। इसमें एक हजार से अधिक लोगों योग किया।

राधे हरी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग विभाग, एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवी, रोवर-रेंजर, प्राध्यापक आदि ने योग किया। वहां पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा, योग प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेहा लता मौर्य आदि मौजूद रहे। कुंडेश्वरी रोड अपना घर में योगाचार्य डॉ. आशा राणा ने विश्व योग दिवस पर योग साधकों को आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं संकल्प कराए। सोसायटी अध्यक्ष मेजर सेवानिवृत्त राजेंद्र सिंह ढिल्लन, जीसी देवनाथ आदि थे। जीजीआईसी महुआखेड़ा गंज में प्रधानाचार्य बबली यादव ने नियमित योग करने की सलाह दी। केंद्रीय विद्यालय काशीपुर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रधानाचार्य के निर्देशन में प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार आदि योग क्रियाओं की। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में खेल प्रभारी नवनीत सिंह ने योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया। शिक्षक कौशलेश कुमार गुप्ता ने स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग साधना अति आवश्यक है। बाजपुर रोड स्थित एससी गुड़िया आईएमटी एंड लॉ कॉलेज में भी योग एवं प्राणायाम कराया गया। संस्थान निदेशक डॉ. केवल कुमार, क्रीड़ा प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे। चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय में बीएड विभाग की छात्राओं, प्राध्यापकों व स्टाफ ने योगाभ्यास किया। राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर में एनएसएस स्वयंसेवियों एवं एनसीसी कैडेटों, स्टाफ ने योगाभ्यास गया। प्रधानाचार्य राजकुमार, योग ट्रेनर राजीव यादव, डॉ. ओपी सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आदेश कुमार, एनसीसी अधिकारी सुनील आर्य रहे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में विश्व योग दिवस पर छात्र-छात्राओं, स्टाफ ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा और योग प्रशिक्षक डॉ. आरसी शर्मा ने किया। मानव अधिकार मिशन के जिला अध्यक्ष संजय रावत ने योग के प्रति लोगों को जागरूक किया।



काशीपुर के ज्ञानार्थी संस्थान में योग करतीं छात्राएं। • अमृत विचार

## शांतिपुरी में भी किया योग

**शांतिपुरी।** क्षेत्र के सभी स्कूलों में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों, पूर्व सैनिकों, युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी योग के आसन किये। सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसके अलावा क्षेत्र के कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई लोगों ने अपने घरों में योगा किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रबंधक प्रमोद वर्मा, डां गणेश उपाध्याय, महेंद्र बिष्ट, विनोद कोरंगा, तारा सिंह कोरंगा, उमेश सिंह, कुन्दन सिंह दानू, दिपा कुवर्बी, महिपाल बोरा, किरन कश्यप, शिखर पाण्डे, प्रिया पाण्डेय आदि मौजूद थे।

Scanned with OKEN Scanner